गुरू घासीदास विश्वविद्यालय, बिलासपुर (छ.ग.)

विद्यापरिषद् की स्थायी समिति की बैठक दिनांक 18.07.2023 का कार्यविवरण

विद्यापरिषद की स्थायी समिति की बैठक दिनांक 18.07.2023 को प्रातः 09:00 बजे प्रशासनिक भवन के सभा कक्ष में संपन्न हुई। बैठक के प्रारम्भ में कुलसचिव ने सभी सदस्यों का स्वागत किया तत्पश्चात् कुलपति महोदय की अनुमति से बैठक प्रारम्भ हुई। बैठक में उपस्थिति निम्नानुसार रही :–

1.	प्रो0 आलोक कुमार चक्रवाल, कुलपति	अध्यक्ष
2.	प्रो0 पी.के. बाजपेयी	सदस्य
3.	प्रो0 प्रवीण कुमार मिश्रा	सदस्य
4.	प्रो0 ए.एस. रणदिवे	सदस्य
5.	प्रो0 अशोक कुमार मिश्रा	सदस्य
6.	प्रो0 एम.एन. त्रिपाठी	सदस्य
7.	प्रो0 शरद चन्द्र श्रीवास्तव	सदस्य
8.	प्रो0 सीमा राय	सदस्य
9.	प्रो0 राजेन्द्र मेहता	सदस्य
10.	प्रो0 सी.एस. वझलवार	सदस्य
11.	प्रो0 ब्रजेश तिवारी	सदस्य
12.	प्रो0 एस.सी. तिवारी	सदस्य
13.	प्रो0 एम.के. सिंह	सदस्य
14.	डॉ0 बुद्धेश्वर प्रसाद सिंगरौल	सदस्य
15.	डॉ0 पायल बनर्जी	सदस्य
16.	प्रो0 व्ही.एस. राठौर	विशेष आमंत्रित सदस्य
17.	प्रो0 मनीष श्रीवास्तव, कुलसचिव (कार्यवाहक)	सचिव

बैठक के प्रारम्भ में कुलसचिव द्वारा उपस्थित सदस्यों का स्वागत किया गया तथा कुलपति महोदय ने प्रेरणादायी उद्बोधन प्रदान किया तथा जीवन यापन के लिए अच्छे विचारों की आवश्यकता पर चर्चा करते हुए सहज प्रवृत्ति की उपयोगिता पर बल दिया। तत्पश्चात् निम्नलिखित विषयों पर चर्चा उपरांत निम्नानुसार निर्णय लिये गये :–

विषय क्र.01 **विद्यापरिषद् की स्थायी समिति की बैठक दिनांक 14.07.2023 के कार्यवृत्त की सम्पुष्टि पर विचार करना।**

निर्णय लिया गया कि विद्यापरिषद की स्थायी समिति की बैठक दिनांक 14.07.2023 के कार्यवृत्त की सम्पुष्टि की जाय।

विषय क्र. 02 **विद्यापरिषद की स्थायी समिति की बैठक दिनांक 14.07.2023 के पालन प्रतिवेदन का अवलोकन करना।**

विद्यापरिषद की स्थायी समिति ने पालन प्रतिवेदन के बिन्दु क्रमांक–3 के संबंध में यह स्पष्ट किया कि अनुमोदित यू–ट्यूब चैनल का नाम प्रारम्भिक तौर पर ''जीजीव्ही यू–ट्यूब चैनल'' होगा।''

विद्यापरिषद की स्थायी समिति ने स्थायी समिति की बैठक दिनांक 14.07.2023 के पालन प्रतिवेदन की सूचना ग्रहण की।

विषय क्र. 03. अध्ययन मण्डल इन्फॉर्मेशन टेक्नालॉजी इंजीनियरिंग विभाग की बैठक दिनांक 28.06.2023 द्वारा अनुशंसित पाठ्यक्रम एवं अंक योजना के अनुमोदन पर विचार।

विद्यापरिषद की स्थायी समिति ने यह निर्णय लिया कि अध्ययन मण्डल इन्फार्मेशन टेक्नालॉजी इंजीनियरिंग विभाग की बैठक दिनांक 28.06.2023 द्वारा अनुशंसित पाठ्यक्रम एवं अंक योजना का अनुमोदन किया जाय।

स्थायी समिति ने यह भी निर्णय लिया कि संबंधित विभाग के विभागाध्यक्ष यह सुनिश्चित करेंगे कि अनुशंसित पाठ्यक्रम एवं अंक योजना प्रभावी अध्यादेशों के अनुरूप हो।

विषय क्र. 04. फाइल कव्हर के अंतिम पृष्ठ पर दैनन्दिनी में उपयोग किए जाने वाले टीप द्विभाषी रूप में मुद्रित कराने पर विचार।

विद्यापरिषद की स्थायी समिति ने यह निर्णय लिया कि फाइल कव्हर के अंतिम पृष्ठ पर दैनन्दिनी में उपयोग किए जाने वाले टीप द्विभाषी रूप में मुद्रित कराने संबंधी प्राप्त प्रस्ताव का अनुमोदन किया जाय।

स्थायी समिति ने यह भी निर्णय लिया कि अनुमोदित द्विभाषी टीप को फाइल कव्हर के अंतिम पृष्ठ पर मुद्रित कराया जाय एवं द्विभाषी टीप को समस्त विभागाध्यक्षों, विभागीय अधिकारियों एवं अधिष्ठातागणों को ई–मेल के माध्यम से उपलब्ध करा दिया जाय।

विषय क्र. 05. सत्र 2019–20, 2020–21 एवं 2021–22 में विश्वविद्यालय में अध्ययनरत् छात्राओं को ग्रंथालय शुल्क में रियायत देने पर विचार करना।

इस विषय पर चर्चा के दौरान कुलपति महोदय ने विश्वविद्यालय के ऐसे शिक्षक/अधिकारी/कर्मचारी जिन्होंने सामाजिक कार्यों या विश्वविद्यालय की उन्नति के लिए विश्वविद्यालय कोष में दान दिया है को हृदय से आभार व्यक्त किया।

विद्यापरिषद की स्थायी समिति ने यह निर्णय लिया कि सत्र 2019–20, 2020–21 एवं 2021–22 में विश्वविद्यालय में अध्ययनरत् छात्राओं को ग्रंथालय शुल्क में रियायत देने संबंधी प्राप्त प्रस्ताव का अनुमोदन किया जाय।

स्थायी समिति ने यह भी निर्णय लिया कि छात्राओं को इस अवधि में उनके द्वारा भुगतान किया गया उक्त शुल्क लौटा दिया जाय। संबंधित विभाग के विभागाध्यक्ष उक्त छात्राओं से प्राप्त शुल्क को विश्वविद्यालय में विकास कार्यों हेतु स्वेच्छा से दान करने का आह्वान करें।

स्थायी समिति ने यह और भी निर्णय लिया कि यह व्यवस्था उपरोक्तानुसार उल्लेखित तीन शैक्षणिक सत्रों के लिए ही की गई है।

स्थायी समिति ने यह और भी निर्णय लिया कि जो छात्रायें उक्त प्राप्त धनराशि को यदि स्वेच्छा से विश्वविद्यालय के विकास हेतु दान करना चाहती है तो इस हेतु वित्त शाखा आवश्यक कार्यवाही हेतु समस्त विभागों को प्रपत्र (Form) जारी करेगा। उक्त धनराशि/धनादेश ऑनलाईन के माध्यम से दान की जा सकती है। ।

माननीय अध्यक्ष महोदय एवं उपस्थित सदस्यों के प्रति धन्यवाद ज्ञापन के पश्चात् बैठक संपन्न हुई।

18/07/2023

कुलसचिव (कार्यवाहक)/सचिव **कुलपति/अध्यक्ष**